हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
बुधवार, 08 जुलाई 2020, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर ★ /नगर
www.livehindustan.com

Page No :01 Left Middle

एमसीए कोर्स अब दो साल का होगा

नई दिल्ली। तकनीकी शिक्षा परिषद ने मंगलवार को ऐलान किया कि अब से मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) दो वर्ष का होगा। अब तक यह तीन साल का था।

पेज 8

Page No : 08 Middle

अब एमसीए पाठ्यक्रम की अवधि दो वर्ष होगी :परिषद

नई दिल्ली | एजेंसी

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने मंगलवार को ऐलान किया कि अब से मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) दो वर्ष का कार्यक्रम होगा। अब तक इस डिग्री पाठ्यक्रम की अवधि तीन साल की थी।

परिषद ने सभी उच्च शिक्षा संस्थानों को पाठ्यक्रम की अवधि में आवशयक संशोधन करने के लिए भी कहा है। परिषद ने एक आधिकारिक आदेश में कहा-अब वर्ष 2020-21 से एमसीए पाठ्यक्रम की अवधि दो साल होगी, इसके मद्देनजर एमसीए कार्यक्रम की अवधि में आवशयक संशोधन यूजीसी के निर्णय और एपीएच (अनुमोदन प्रक्रिया पुस्तिका) में निहित प्रावधानों के अनुरूप किए जा सकते हैं।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष दिसंबर में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने एमसीए पाठ्यक्रम की अवधि को घटाकर दो साल करने संबंधी एक प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।